# UP News: अदाणी समूह की काशी के बाद अब ब्रज में दस्तक, मथुरा के बरसाना में लगाएगा कंप्रेस्ड बायो गैस प्लांट



UP Latest News अदाणी समूह अब मथुरा के बरसाना में कंप्रेस्ड बायो गैस प्लांट लगाएगा। अदाणी टोटल गैस लिमिटेड द्वारा बरसाना में कंप्रेस्ड बायो गैस (सीबीजी) प्लांट हेतु भूमि पूजन किया गया। 13 एकड़ में लगने वाले इस प्लांट में प्रतिदिन करीब 23 मीट्रिक टन गैस तैयार होगी।

**लखनऊ, जेएनएन।** अदाणी ग्रुप अब मथुरा के बरसाना की श्रीमाता जी गोशाला में कंप्रेस्ड बायो गैस (सीबीजी) प्लांट लगाएगा। 13 एकड़ में लगने वाले इस प्लांट में प्रतिदिन करीब 23 मीट्रिक टन गैस तैयार होगी। इसके लिए प्लांट का शिलान्यास हुआ प्लांट एक साल में बनकर तैयार होगा ।

अदाणी टोटल गैस द्वारा अदाणी फाउंडेशन के तत्वाधान मे वाराणसी के शहंशाहपुर मे 23 करोड़ की लागत से प्रदेश का पहला बायोगैस स्थापित किया जा चुका है। बीते दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित विभिन्न प्रदेशों के मुख्यमंत्री गण ने इस प्लांट का भ्रमण कर प्लांट की बारीकियां समझी और इसे सराहा था।

90 मीट्रिक टन क्षमता के इस प्लांट से 3 टन बायोगैस, 18 टन ठोस प्राकृतिक उर्वरक व 55000 लीटर तरल प्राकृतिक उर्वरक उत्पादन का लक्ष्य है। अदाणी फाउंडेशन द्वारा वाराणसी के सेवापुरी स्थापित स्किल डेवलपमेंट सेंटर मे कार्य कर रही ग्रामीण महिलाओं को स्वावलंबी बना रहा।

यहां की ग्रामीण महिलाओं के समूह द्वारा निर्मित गाय के गोबर से प्राकृतिक उत्पादों से बनी बांस-मुक्त और रासायनिक-मुक्त गंगातिरी अगरबत्ती और धूपबत्ती जैसे प्राकृतिक उत्पाद देश विदेश तक धूम मचा रहे। हाल ही में अहमदाबाद में अदाणी ग्रुप के तत्वाधान मे ग्राम भारती के नाम से एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें इस धूप और अगरबत्ती की धूम रही और इस उत्पाद को लोगों ने हाथों हाथ लिया।

अदाणी समूह के अध्यक्ष गौतम अदाणी और अदाणी फाउंडेशन की अध्यक्ष डा. प्रीति अदाणी ने इस उत्पाद से जुड़ी महिला समूहों की महिलाओं के प्रयासों की प्रशंसा की और उत्पाद को सराहा और उन्हें पुरस्कृत किया। वर्तमान मे श्रीमाता जी गोशाला में 50 हजार से अधिक गोवंश है।

अदाणी टोटल गैस लिमिटेड द्वारा बरसाना में कंप्रेस्ड बायो गैस (सीबीजी) प्लांट हेतु भूमि पूजन किया गया। 13 एकड़ में लगने वाले इस प्लांट में प्रतिदिन करीब 23 मीट्रिक टन गैस तैयार होगी। प्लांट एक साल में बनकर तैयार होगा । 200 करोड़ की लागत से बनाने वाले इस प्लांट में गैस, खाद बनेगी।